हिंदी अध्ययन मंडल की बैठक का कार्यवृत्त

हिंदी अध्ययन मंडल की बैठक बुधवार दिनांक ०७ सितम्बर २०२२ दोपहर ठीक १२.०० बजे रामनिरंजन झुनझुनवाला महाविद्यालय के रिसर्च सेंटर कक्ष में आयोजित की गयी.

बैठक का लक्ष्य

शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ के तृतीय वर्ष बी. ए. में छह क्रेडिट बढ़ाने हेतु पाठ्यक्रम के नवीनीकरण पर चर्चा एवं पाठ्यक्रम को निश्चित करना.
शैक्षणिक वर्ष २०२२-२३ के द्वितीय वर्ष बी.ए. में चार क्रेडिट बढ़ाने हेतु पाठ्यक्रम में डिसिप्लिन स्पेसिफाइड एलेक्टिव कोर्स को पाठ्यक्रम समाहित करना.

उपस्थिति

डॉ. मिथिलेश शर्मा, डॉ. सतीश पाण्डेय, डॉ. रेखा शर्मा, डॉ. श्यामसुंदर पाण्डेय, डॉ. रवीन्द्र कात्यायन, डॉ. दिनेश पाठक.

प्रस्तावित चर्चा एवं विचार-विमर्श के विषय

1) शैक्षणिक वर्ष २०२३-२४ के तृतीय वर्ष बी. ए. में छह क्रेडिट बढ़ाने हेतु पाठ्यक्रम के नवीनीकरण व विस्तार पर चर्चा एवं पाठ्यक्रम को निश्चित करना.
2) शैक्षणिक वर्ष २०२२-२३ के द्वितीय वर्ष बी.ए. में चार क्रेडिट बढ़ाने हेतु पाठ्यक्रम में डिसिप्लिन स्पेसिफाइड एलेक्टिव कोर्स को पाठ्यक्रम समाहित करना.
3) टीचर, विद्यार्थी एवं इंडस्ट्री पर्सन के पाठ्यक्रम फीडबैक पर विचार करना.

सुझाव एवं बदलाव प्रस्ताव

1) द्वितीय वर्ष बी.ए. में चार क्रेडिट बढ़ाने हेतु पाठ्यक्रम में डिसिप्लिन स्पेसिफाइड एलेक्टिव कोर्स के रूप में मीडिया लेखन कोर्स को पाठ्यक्रम समाहित करने का सुझाव दिया गया.
2) तृतीय वर्ष बी.ए. के पाठ्यक्रम में छह क्रेडिट बढ़ाने के लिए दोनों सेमेस्टर के सभी प्रश्नपत्रों - IV, V, VI, VII, VIII और IX में एक अतिरिक्त इकाई बढ़ाकर अथवा कौशल आधारित अतिरिक्त प्रकल्प कार्य, शोधकार्य, फील्ड विजिट को पाठ्यक्रम में समाहित करके प्रत्येक प्रश्नपत्र में ०.५ (आधा) क्रेडिट बढ़ाने का सुझाव दिया गया.
3) टीचर, विद्यार्थी एवं इंडस्ट्री पर्सन के पाठ्यक्रम फीडबैक पर विचार करते हुए, डिजिटल लिटरेसी (कंप्यूटर शिक्षण कक्षा) चलाने का सुझाव दिया गया.

निर्णय

गहन विचार विमर्श के उपरान्त हिंदी अध्ययन मंडल ने द्वितीय वर्ष बी. ए. और तृतीय वर्ष बी.ए. के पाठ्यक्रम में क्रेडिट बढ़ाने हेतु उपरोक्त सभी सुझाव एवं बदलाव के आधार पर सर्व स्वीकृति प्रदान की.

प्रस्तावित विषयों पर विचार-विमर्श के उपरान्त सभी सम्माननीय सदस्यों का आभार मानते हुए बैठक समाप्त की गयी.

डॉ. मिथिलेश शर्मा
हिंदी विभागाध्यक्ष